# J. SINGH COMPETITION ACADEMY

**"आनो भद्राः कृतवो यन्तु विश्वतः"**
**"Let Noble thoughs come to you from all sides"**

**Amaha house civil lines Boda bag Road, Rewa (M.P)**
**Mob.9329249957**

Time:- 1 : 00 **भूगोल** **पूर्णांक :–80**

**(टेस्ट पेपर – 6)**

1. निम्न में से कौन सा ग्रह गैसीय ग्रह की श्रेणी में आता है ?
   - a बुध b शुक्र
   - c पृथ्वी d बृहस्पति

2. निम्न में से किस ग्रह का आकार पृथ्वी के समान होने के कारण पृथ्वी का जुडवा ग्रह (Twin Planet) भी कहा जाता है ?
   - a बुध b शुक्र
   - c मंगल d प्लूटो

3. सौरमंण्डल का सबसे बडा उपग्रह निम्न में से कौन सा है ?
   - a फोबोस b टाइटन
   - c चंद्रमा d गेनीमेड

4. निम्न में से किन ग्रहो के Rotation की दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर है ?
   - a बुध, शुक्र b शुक्र, यूरेनस
   - c मंगल, पृथ्वी d पृथ्वी, शुक्र

5. निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?
   - a Quasors वे आकाशीय पिण्ड है जो आकार में Galaxy से छोटे होते है परन्तु उससे अधिक ऊर्जा उत्सर्जित करते है
   - b जब किसी तारे के Core में हाइड्रोजन समाप्त होने लगता है और विस्फोट होता है इसे supernova explosion कहा जाता है
   - c सुपरनोवा विस्फोट के पश्चात चंद्रशेखर लिमिट के अनुसार बडे आकार के तारे न्यूट्रान तारा कहलाते है
   - d प्रोक्सिमा सेंचुरी बृहस्पति ग्रह के सबसे निकट का तारा है

6. 4 Vesta निम्न में से क्या है ?
   - a आकाशगंगा (Galaxy) b क्षुद्रग्रह (Asteroid)
   - c उल्का (Meteors) d धूमकेतु (Comets)

7. सौर स्पेक्ट्रम में 7 रंगो के अतिरिक्त दिखने वाली काली रेखाओ को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?
   - a औरोरा बोरियालिस b औरोरा आस्ट्रालिस
   - c सौर कलंक d फ्रॉनहॉफर रेखाएं

8. निम्न में से कौन सा मंगल में स्थित सर्वोच्च पर्वत शिखर है ?
   - a फोबोस b डीमोस
   - c लिमनित्ज d निक्स ओलंपिया

J.singh competition academy rewa

9. निम्न में से कौन सा कथन सूर्य के संबंध में असत्य है ?

a सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुचने में 8.16 मिनट का समय लगता है
b सूर्य ग्रहण के समय सूर्य का दिखाई देने वाला भाग कोरोना है
c रासायनिक संगठन की दृष्टि से सूर्य में 71% हीलियम है
d सामान्य तारे की भाति सूर्य का भी औसत सामान्य जीवन काल 10 बिलियन वर्ष है

10. चंद्रमा और सूर्य के बीच की न्यूनतम दूरी निम्न में से कब होती है ?

a उप भू (perigee)
b अप भू (apogee)
c उपसौर (perihelion)
d अपसौर (aphelion)

11. पृथ्वी अपने अक्षतल (plane of orbit) के साथ कितने डिग्री का कोण बनाती है

a $23\frac{1}{2}°$
b $66\frac{1}{2}°$
c 5°
d 82°

12. निम्न में से कौन सी स्थिति सूर्य ग्रहण की है ?

a सूर्य → चंद्रमा → पृथ्वी
b सूर्य → पृथ्वी → चंद्रमा
c पृथ्वी → सूर्य → चंद्रमा
d इनमें से कोई नही

13. एक कैलेण्डर वर्ष में अधिकतम कितने ग्रहण हो सकते है ?

a 2
b 5
c 7
d 9

14. निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?

a पृथ्वी पर दिन–रात होने का मूलकारण पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन (rotation) है
b पृथ्वी पर दिन रात छोटे एवं बडे होने का मूल कारण पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव के साथ अपने अक्ष पर घूर्णन है
c पृथ्वी पर ऋतु परिवर्तन का मूल कारण पृथ्वी का अपने अक्ष घूर्णन है
d पृथ्वी पर ऋतु परिवर्तन का मूल कारण अपने अक्ष पर झुकाव के साथ सूर्य के चारो ओर परिक्रमण (revolution) है

15. $66\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?

a कर्क रेखा (Tropic of cancer)
b मकर रेखा (Tropic of capricorn)
c आकृटिक वृत्त (arctic circle)
d अंटाकृटिक वृत्त (antarctic circle)

16. निम्न में से कौनसी रेखा प्रशांत महासागर से गुजरती है ?

a अंतराष्ट्रीय तिथि रेखा
b प्रधान यामयोत्तर या ग्रीनविच रेखा
c $82\frac{1}{2}°$ पूर्वी देशांतर रेखा
d इनमें से कोई नही

17. निम्न में से कौन सी असंबद्धता (Discontinuity) मेंटल एवं कोर के मध्य पायी जाती है

a मोह असंबद्धता
b गुटेनबर्ग असंबद्धता
c लेहमैन असंद्धता
d रेपटी असंद्धता

J.singh competition academy rewa

18. निम्न में से कौन सी भूकंपीय तरंगे सबसे विनाशकारी होती है ?
   a P तरंगे  b S तरंगे
   c L तरंगे  d इनमे से कोई नही
19. भूपर्पटी में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है ?
   a आक्सीजन  b सिलिका
   c एल्यूमीनियम  d लोहा
20. संपूर्ण पृथ्वी में सर्वाधिक मात्रा में निम्न में से कौन सा तत्व पाया जाता है ?
   a लोहा  b आक्सीजन
   c सिलिका  d मैग्नीशियम
21. निम्न में से कौन सा अवसादी चट्टान का उदाहरण है ?
   a ग्रेनाइट  b डोलेराइट
   c बेसाल्ट  d बलुआ पत्थर
22. निम्न में से कौन सा कायांतरित चट्टान का उदाहरण है ?
   a बालुआ पत्थर  b चूना पत्थर
   c शेल  d स्लेट
23. वेगनर के महाद्वीपी प्रवाह सिद्धात के अनुसार निम्न में से किस काल तक विश्व के सभी महाद्वीप पेजिया के रूप में थे
   a कार्बोनिफेरस  b ट्रियासिक
   c क्रिटेसियस  d इनमें से कोई नही
24. बेगनर ने महाद्वीपो के प्रवाह के लिए निम्न में से किस बल को उत्तरदायी माना था ?
   a गुरुत्वाकर्षण बल  b प्लवनशीलता
   c ज्वारीय बल  d उपरोक्त सभी
25. समुद्रतल प्रसार की परिकल्पना का प्रतिपादन निम्न में से किसने किया ?
   a विल्सन एवं मार्गन  b एयरी एवं प्राट
   c लाप्लास  d हेरी हैस
26. निम्न में से किस प्लेट सीमांत (plate margins) के कारण पृथ्वी पर सर्वाधिक ज्वालामुखी उद्भेदन होते है
   a रचनात्मक प्लेट सीमांत (constructive margin)  b विनाशकारी प्लेट सीमांत (destructive margin)
   c संरक्षक प्लेट सीमांत (conservative margin)  d उपरोक्त सभी
27. ब्रम्हपुत्र नदी की घाटी निम्न में से किसका उदाहरण है ?
   a भ्रंश घाटी (rift valley)  b रैम्प घाटी (ramp valley)
   c ब्लॉक माउन्टेन (block mountain)  d हॉर्स्ट पर्वत (horst mountain)
28. ज्वालामुखी उद्गार से निकले नुकीले चट्टानी टुकडो को किस नाम से जाना जाता है ?
   a लैपिली  b स्कोरिया
   c प्यूमिस  d ब्रेसिया
29. विश्व का सबसे ऊँचा सक्रिय ज्वालामुखी निम्न में से कौन सा है ?
   a कोटोपैक्सी  b विसुवियस
   c क्राकाटोआ  d फ्यूजीयामा

J.singh competition academy rewa

30. 'भूमध्य सागर के प्रकाश स्तंभ' के नाम से निम्न में से किस ज्वालामुखी को जाना जाता है
 a स्ट्राम्बोली b एटना
 c मांउट इरेबस d बैरन द्वीप

31. निम्न में से किस ज्वालामुखी पेटी में ज्वालामुखी की अधिकता के कारण अग्निवलय (fire ring) कहा जाता है ?
 a परिप्रशांत महासागरी मेखला b मध्य महाद्वीपी पेटी
 c मध्य अटलांटिक मेखला d अफ्रीका की भ्रंश घाटी

32. भूंकप मापने का निम्न में से कौन सा यंत्र है
 a रिक्टर b मारकेली
 c सीस्मोग्राफ d उपरोक्त सभी

33. भारत के बंगाल की खाडी के तटीय क्षेत्र में सर्वाधिक क्षति पहुचाने वाला सुनामी निम्न में से किस वर्ष आया था ?
 a 2001 b 2004
 c 2011 d 2015

34. स्थलरूपो में परिवर्तन करने वाले बलो में निम्न में से कौन सा बर्हिजात बल का उदाहरण है ?
 a भूंकप b ज्वालामुखी
 c भूस्खलन d अपक्षय

35. निम्न में से कौन से भौतिक अपक्षय (Physical weathering) का उदाहरण है
 a खंड विच्छेदन b तुषार क्रिया
 c अपदलन d उपरोक्त सभी

36. निम्न में से कौन सी स्थलाकृति नदी के अपरदन एवं निक्षेप दोनो प्रक्रियाओ से निर्मित स्थलाकृति है ?
 a जलोढ पंख b प्राकृतिक तटबंध
 c गोखुर झील d डेल्टा

37. निम्न में कौन सी नदी द्वारा निर्मित स्थलाकृति नही है ?
 a $V$ आकार की घाटी b $U$ आकार की घाटी
 c गार्ज d कैनियन

38. निम्न में से किस नदी का डेल्टा पक्षी के पंजे (Bird foot delta) के आकार का है ?
 a सिन्धु b मिसीसिपी
 c गंगा d राइन

39. निम्न में से कौन सी स्थलाकृति भूमिगतजल (Under ground water) के निक्षेप के परिणाम स्वरूप निर्मित हुई है ?
 a लैपीज b डोलाइन
 c अंधी घाटी d स्टैलेक्टाइट

40. निम्न में से कौन सा हिमानी का कार्य है ?
 a plucking (उत्पाटन) b Hydraulic action (जल गति क्रिया)
 c Deflation (अपवहन) d water pressure (जल दाब क्रिया)

41. हिमानी अपरदन से निर्मित आराम कुर्सी जैसी संरचना को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?

J.singh competition academy rewa

a लटकती घाटी b अरेत
c सर्क d एस्कर

42. भारत में स्थित सबसे बडा हिमनद (Glacier) निम्न में से कौन सा है ?
a बाल्टोरा b बियाफो
c हिस्पर d सियचिन

43. पवन अपरदन के परिणाम स्वरूप निर्मित दबातनुमा संरचना निम्न में से कौन सी है ?
a छत्रक शिला b ज्यूगेन
c इंसेलवर्ग d ड्राइकान्टर

44. मरुस्थली क्षेत्रो के बाहर पवन द्वारा उडाकर लाए गए महीन बालू कणो के वृहत निक्षेप को कहते है ?
a बजादा b प्लाया
c पेडीमेंट d लोएस

45. निम्न में से कौन सी सागरीय जल की निक्षेपात्मक स्थलाकृति है ?
a समुद्री गुफा (sea caves) b समुद्री मेहराब (sea arch)
c महासागरी क्लिफ (sea cliff) d पुलिन (beach)

46. वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा में निम्न में से कौनसी गैस पायी जाती है ?
a कार्बनडाई आक्साइड b आर्गन
c नियान d हीलियम

47. निम्न में से कौन सी गैस वायुमण्डल में प्रज्वलन (जलने में सहायक) के लिए आवश्यक है
a नाइट्रोजन b आक्सीजन
c कार्बन डाई आक्साइड d ओजोन

48. वायुमण्डल की निम्न में से किस पर्त में ओजोन गैस पायी जाती है ?
a क्षोभ मंण्डल (troposphere) b समताप मण्डल (stratosphere)
c मध्य मण्डल (mesosphere) d आयन मण्डल (ionosphere)

49. क्षोभ मण्डल में सामान्य ताप पतन (Normal lapse rate) की दर है ?
a 32 मी. की ऊ. पर 1°C तापमान का कम होना b 100 मी. की ऊ. पर 1°C तापमान कम होना
c 150 मी. की ऊ. पर 1°C तापमान का कम होना d 165 मी. की ऊ. पर 1°C तापमान का कम होना

50. सूर्यातप (insulation) को प्रभावित करने वाले कारक है ?
a आपतन कोण b सूर्य से पृथ्वी की दूरी
c वायुमण्डल की पारदर्शिता d उपरोक्त सभी

51. पृथ्वी के ऊष्मा बजट के अनुसार कुल कितनी ऊर्जा का अवशोषण वायुमण्डल द्वारा होता है ?
a 34 इकाई b 14 इकाई
c 48 इकाई d 51 इकाई

52. निम्न में से किस क्षेत्र से सर्वाधिक सौर्य ऊर्जा का परावर्तन होता है
a बर्फ b घाँस के मैदान
c काली मिट्टी d कोणधारी वन

53. अन्तरा उष्ण कटिबंध (ITCZ) का विस्तार पाया जाता है ?

J.singh competition academy rewa

a भूमध्यरेखीय क्षेत्र के आसपास b उपोष्ण कटिबंध
c शीतोष्ण कटिबंध d उपरोक्त में से कोई नही

54. अश्व अक्षांश का विस्तार दोनो गोलार्धो (उत्तरी एवं दक्षिणी) में पाया जाता है ?
a 0° से 5° के मध्य b 30° से 35° के मध्य
c 60° से 65° के मध्य d 90° के ऊपर

55. निम्न में से किस पवन को गरजता चालीसा, प्रचंड पचासा, चीखता साठा के नाम से भी जाना जाता है
a व्यापारिक पवन b पछुआ पवन
c ध्रुवीय पवन d उपरोक्त सभी

56. निम्न में से किस स्थानीय पवन को हिमभक्षी पवन भी कहा जाता है ?
a चिनूक b हरमट्टन
c सिराको d सिमूम

57. निम्न में से कौनसी गर्म स्थानीय पवन है ?
a नारवेस्टर b बोरा
c ब्लिजार्ड d मिस्ट्रल

58. निम्न में से कौन सा कथन जेट स्ट्रीम के संबंध में सत्य है ?
a ये पवन ऊपरी वायुमण्डल में पश्चिम से पूर्व की ओर तीव्र गति से प्रवाहित होती है b इनकी गति 120 किमी/घंटा होती है
c ये पवने लहर के रूप में प्रवाहित होती है d उपरोक्त सभी

59. किसी निश्चित तापमान पर वायु में विद्यमान जलवाष्प की मात्रा एवं उस वायु के जलवाष्प धारण करने की क्षमता के अनुपात को कहा जाता है ?
a निरपेक्ष आद्रता b विशिष्ट आद्रता
c सापेक्षिक आद्रता d इनमें से कोई नही

60. संतृप्त वायु में सापेक्षिक आद्रता की मात्रा होती है ?
a 25% b 50%
c 75% d 100%

61. निम्न में से कौन से बादल सूर्य एवं चंद्रमा के प्रभामण्डल का निर्माण करते है ?
a पक्षाभ बादल b पक्षाभ स्तरी बादल
c पक्षाभ कपासी बादल d उच्चस्तरी बादल

62. सबसे कम वर्षा का निम्न में से कौन सा अक्षांशीय क्षेत्र है ?
a भूमध्य रेखा में 10° उत्तर एवं दक्षिणी अक्षांश दोनो गोलार्ध b दोनो गोलार्धो में 10° से 20° उत्तर एवं दक्षिण अक्षांश
c दोनो गोलार्ध में 20° से 30° उत्तर एवं दक्षिण अक्षांश d दोनो गोलार्धो में 30° से 40° उत्तर एवं दक्षिण अक्षांश

63. निम्न में से किस वर्षा की मुख्य विशेषता rain shadow area (वृष्टि छाया क्षेत्र) है
a संवहनीय वर्षा b पर्वतीय वर्षा
c चक्रवाती वर्षा d उपरोक्त सभी

64. चीन मे उष्ण कटिबंधी चक्रवात को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है
a हरिकेन b टाइफून
c साइक्लोन d बेगूइस

65. कोपेन ने पर्वतीय क्षेत्र की जलवायु के लिए निम्न में से किस अंग्रेजी अक्षर का प्रयोग किया है ?
a A b B

J.singh competition academy rewa

c E d H

66. निम्न में से किस जलवायु प्रदेश में शीतकाल में वर्षा मुख्य विशेषता है ?

a मानसूनी जलवायु b टैगा जलवायु
c टुड्रा जलवायु d भूमध्य सागरी जलवायु

67. निम्न में से कौन सा महासागर सबसे छोटा है ?

a प्रशांत महासागर b अटलांटिक महासागर
c आकृटिक महासागर d हिन्द महासागर

68. महाद्वीपीय मग्नतट (continental shelf) का विस्तार सर्वाधिक है ?

a प्रशांत महासागर में b हिन्द महासागर में
c अटलांटिक महासागर में d आकृटिक महासागर में

69. निम्न में से कौन सा हिन्द महासागर में स्थित गर्त (ocean trench) है

a मेरियाना / चैलेंजर b टोंगा
c रोमशे d सुण्डा

70. निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?

a महासागरी जल की सतह का औसत दैनिक तापांतर 1°C होता है
b थर्मोक्लाइन परत का विस्तार महासागरो में 300 से 1000 मी के बीच पाया जाता है
c महासागरो में सर्वाधिक तापमान सतह पर पाया जाता है
d महासागरो में उच्चतम तापमान दक्षिणी गोलार्ध में उत्तरी गोलार्ध की तुलना में अधिक होता है

71. महासागरो मे पाये जाने वाले लवण (salinity) में सर्वाधिक मात्रा निम्न में से किस तत्व की होती है ?

a कैल्शियम सल्फेट b मैग्नीशियम सल्फेट
c मैग्नीशियम क्लोराइड d सोडियम क्लोराइड

72. सर्वाधिक लवणता पायी जाती है

a वान झील b मृत सागर
c ग्रेट साल्ट लेक d बाल्टिक सागर

73. निम्न में से किस सागर में सर्वाधिक लवणता पायी जाती है ?

a लाल सागर b भू मध्य सागर
c फारस की खाडी d कैरेबियन सागर

74. विश्व के निम्न में से किस भाग पर 4 बार ज्वार एवं भाटा आते है ?

a फंडी की खाडी b ओखा तट
c साउथैप्टन d इनमें से कोई नही

75. निम्न में से कौन सी स्थिति लघु ज्वार से संबंधित है

a जब सूर्य चंद्रमा एवं पृथ्वी एक सीधी रेखा में हो
b जब सूर्य चंद्रमा के मध्य पृथ्वी आ जाय
c जब सूर्य एवं पृथ्वी के मध्य चंद्रमा आ जाय
d जब सूर्य चंद्रमा एवं पृथ्वी समकोण की स्थिति मे हो

76. निम्न में से कौन सी गर्म जलधारा है

a गल्फ स्ट्रीम b लेब्रोडोर
c कनारी d बेंगुला

J.singh competition academy rewa

77. निम्न में से कौन सी हिन्द महासागर की जलधारा है ?
a केनारी b क्यूरोशियो
c अगुल हास d क्यूराइल

78. हम्बोल्ट की जलधारा निम्न में से किस तट पर प्रवाहित होती है ?
a अफ्रीका महाद्वीप के पश्चिमी तट b दक्षिणी अमेरिका के पश्चिमी तट
c पश्चिमी आस्ट्रेलिया d पूर्वी आस्ट्रेलिया

79. सबसे विकसित समुद्री शैवाल निम्न में से कौन सा है ?
a लाल शैवाल b भूरा शैवाल
c डायमट d जुक्सान्थलाई

80. निम्न में से कौन सी अवरोधक प्रवाल भित्ति का उदाहरण का है ?
a ग्रेट बैरियर रीफ b मन्नार की खाडी की प्रवाल भित्ती
c लक्षद्वीप में स्थिति प्रवाल भित्तियां d फ्लोरिडा के तटीय क्षेत्र की प्रवाल भित्तियां

J.singh competition academy rewa